POLICE COMMISSIONERATE

GAUTAM BUDH NAGAR

सराहनीय कार्य /प्रेस विज्ञप्ति - दिनाकं 17.02.2025

थाना सेक्टर-63, नोएडा पुलिस द्वारा 01 वाहन चोर गिरफ्तार, कब्जे/निशादेही पर घटना में प्रयुक्त कार व अन्य दस्तावेज एवं 12,00 रूपये नगद बरामद।

घटना का संक्षिप्त विवरण-- दिनांक 14.02.2025 को वादी द्वारा दिये गये प्रार्थना पत्र में बताया गया कि वह ओला/ऊबर चलाने का कार्य करता है। दिनांक 13.02.2025 की रात्रि में एच ब्लॉक सेक्टर-63 पैट्रोल पम्प के पास अपनी गाडी हुंडई एक्सेन्ट रजि0नं0 एच आर 55 ए0डी0 5554 से आया था तथा अधिक थक जाने के कारण राइड का इन्तजार करते-करते गाडी मे ही सो गया था। गाडी की चाबी गाडी मे ही लगी थी तथा उसका पर्स व सैमसंग का मोबाइल फोन भी गाडी में ही रखा था। दिनांक 14.02.2025 की सुबह सुबह टॉयलेट के लिए गाडी से उत्तर कर थोडी दूर पर गया तथा जब वह वापस आया तो उसकी गाडी वहां पर नही थी। उक्त के सम्बन्ध में थाना सेक्टर-63, नोएडा पर मु0अ0सं0 67/2025 धारा 303(2) बीएनएस बनाम अज्ञात पंजीकृत किया गया।

पुलिस कार्यवाही का विवरण-- घटना के सफल अनावरण एवं अभियुक्तगण की शीघ्र गिरफ्तारी हेतु उच्चाधिकारीगण के निर्देशन में थाना सेक्टर-63, नोएडा से 02 पुलिस टीमो का गठन किया गया था, जिसके क्रम में गठित पुलिस टीमो द्वारा घटना स्थल के आस-पास लगे सीसीटीवी कैमरे चैक कर इलैक्ट्रानिक सर्विलांस के आधार पर उक्त घटना का सफल अनावरण करते हुए दिनांक **17.02.2025** को अभियुक्त मोहित तिवारी उर्फ शिवम पुत्र धीरेन्द्र तिवारी को साहरा कट एच ब्लॉक से **गिरफ्तार** किया गया है तथा अभियुक्त के कब्जे/निशादेही से घटना में प्रयुक्त गाडी मारूती सुजुकी डिजायर नं0 यू0पी0 14 एन0टी0 7689, वादी का आधार कार्ड, चालक अनुज्ञप्ति, 1200 रूपये नगद तथा सह अभियुक्त युसुफ की जेकेट मय एक पैनड्राईव बरामद किया गया है।

अभियुक्त मोहित तिवारी उर्फ शिवम उपरोक्त से मुकदमा उपरोक्त से बरामदगी के आधार पर उक्त अभियोग में धारा 317(2) बीएनएस की बढोत्तरी की गयी।

पूछताछ का विवरण-- गिरफ्तार अभियुक्त मोहित तिवारी उर्फ शिवम उपरोक्त से पूछताछ की गयी तो उसके द्वारा बताया गया कि मैंने अपने साथी युसुफ व आसिफ के साथ मिलकर दिनांक 14.02.2025 को 62 गोल चक्कर से आगे वाजिदपुर के पास से एक गाड़ी चोरी की थी, जिसका रजि0 न0 एच आर 55 एडी 5554 था। उस गाडी में चाबी लगी थी तथा पर्स एवं मोबाइल फोन भी गाडी में था। गाडी को चोरी कर मेरे साथी यूसुफ व आसिफ दिल्ली लेकर चले गये थे। मुझे यूसुफ से जानकारी हुई कि मेरे दोनो साथियो ने चोरी की गयी गाडी से दिल्ली में भी लूट की थी तथा सिग्नेचर ब्रिज के पास गाड़ी छोड़कर भाग गये थे, पुलिस द्वारा जानकारी करने पर ज्ञात हुआ कि

जिसके सम्बन्ध में थाना तिमरपुर, दिल्ली पर मु0अ0सं0 72/2025 धारा 309(4)/311/3(5) बीएनएस पंजीकृत है तथा गाडी थाना तिमरपुर, दिल्ली पर ही दाखिल है।

अभियुक्त मोहित तिवारी उर्फ शिवम द्वारा उपरोक्त चोरी की घटना कारित करने में प्रयुक्त गाडी नं0 यू0पी0 14 एन0टी0 7689 को पार्किंग में खड़ी करना बताया, जिसें अभियुक्त की निशादेही पर पार्किंग से बरामद किया गया। गाड़ी के रजि0 नं0 को ई चालान एप पर चैक किया गया तो उक्त गाडी का वाहन स्वामी ’सुरेन्द्र सिंह राजपूत पुत्र कपूरा राजपूत निवासी शक्ति खण्ड 4 इन्दिरापुरम थाना इन्दिरापुरम गाजियाबाद प्रदर्शित हो रहा है। अभियुक्त शिवम उपरोक्त सुरेन्द्र सिंह की गाडी चालक के रूप में किराये पर चलाता था।

घटना में शामिल एवं गिरफ्तार अभियुक्त के अन्य दोनों साथी 1-यूसुफ 2-आसिफ की गिरफ्तारी हेतु थाना स्तर से पुलिस टीम गठित की गयी है, जल्द ही उनकी भी गिरफ्तारी सुनिश्चित की जायेगी।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण--

मोहित तिवारी उर्फ शिवम पुत्र धीरेन्द्र तिवारी निवासी ग्राम ऊंचा थाना किसनी, जनपद मैनपुरी हालपता छिजारसी गली नं0 09 थाना सेक्टर-63, नोएडा (उम्र करीब 27 वर्ष)

अभियुक्त का आपराधिक इतिहास--

1. मु0अ0सं0 67/2025 धारा 303(2)/317(2) बीएनएस थाना सेक्टर-63, नोएडा
2. मु0अ0सं0 1656/2017 धारा 25 शस्त्र अधिनियम थाना इन्द्रिापुरम, गाजियाबाद
3. मु0अ0सं0 755/2017 धारा 392/411 भादवि थाना इन्द्रिापुरम, गाजियाबाद
4. मु0अ0सं0 538/2016 धारा 323/354/506 भादवि व 7/8 पोक्सो एक्ट थाना विजयनगर, गाजियाबाद
5. मु0अ0सं0 642/2016 धारा 411/414 भादवि व धारा 4/25 षस्त्र अधिनियम थाना विजयनगर, गाजियाबाद
6. मु0अ0सं0 296/2019 धारा 380/427/457/511 भादवि थाना गढमुक्तेष्वर, हापुड
7. मु0अ0सं0 414/2018 धारा 395/412 भादवि थाना बाबूगढ, हापुड
8. मु0अ0सं0 171/2019 धारा 380/411/414 भादवि थाना सिम्भावली, हापुड
9. मु0अ0सं0 172/2019 धारा 307 भादवि थाना सिम्भावली, हापुड
10. मु0अ0सं0 176/2019 धारा 25 षस्त्र अधिनियम थाना सिम्भावली, हापुड
11. मु0अ0सं0 301/2019 धारा 2/3 गैंगस्टर एक्ट थाना सिम्भावली, हापुड
12. मु0अ0सं0 345/2019 धारा 380/411 भादवि थाना कोतवाली नगर, हापुड
13. मु0अ0सं0 371/2019 धारा 380/411 भादवि थाना कोतवाली नगर, हापुड

बरामदगी का विवरण--

1. घटना में प्रयुक्त गाडी मारूती सूजुकी डिजायर नं0 यूपी 14 एनटी 7689

2. वादी के पर्स से चोरी किये गये 1200/रूपये नगद
3. वादी का आधार कार्ड
4. वादी की चालक अनुज्ञप्ति
5. वांछित अभियुक्त युसुफ की जैकेट मय पैन ड्राइव